# हाईवे पर 1 माह से बंद पड़ी स्ट्रीट लाइट

## एक किमी क्षेत्र में पसरा अंधेरा, हादसों का खतरा बढ़ा, राहगीर परेशान

**सुसनेर, 1 जुलाई. शहर से गुजर रहे उज्जैन-झालावाड़ राष्ट्रीय राजमार्ग 552 जी पर पिछले एक महीने से स्ट्रीट लाइट बंद है, जिसके कारण रहवासियों के साथ ही वाहन चालकों को भी काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है.**

रात के समय तहसील कार्यालय से लेकर पदमावती होटल तक एक किलोमीटर की परिधि में इस मार्ग पर अंधेरा छाया हुआ है. जिससे हादसे का खतरा बढ़ गया है. वहीं मार्ग के दोनों ओर सर्विस रोड बना हुआ है, जिस पर भी अंधेरा होने के कारण रहवासियों को ज्यादा परेशानी हो रही है.



जहां यह समस्या है, वह पूरा इलाका वार्ड 12 का है. इसको लेकर वार्ड रहवासियों के साथ ही वार्ड पार्षद मीना पवन शर्मा ने एनएचएआई के अधिकारियों से शिकायत की है. एक महीने से हाईवे पर स्ट्रीट लाइट बंद होने के कारण रात के समय यात्रा करने वाले लोगों को बहुत परेशानी हो रही है. अंधेरे के कारण सडक़ हादसे होने का खतरा बढ़ गया है. खासकर उन जगहों पर जहां आबादी बसी हुई है.

हाईवे के सर्विस रोड के किनारे एनएचएआई के द्वारा विद्युत लेंप लगाए हैं, जिसके पास से 11 केवी की विद्युत लाइन निकली है. जिस कारण लेंप की लाइन क्षतिग्रस्त हो गई है. इस मार्ग पर ऑटो गेरेज, किराना, होटल व अन्य दुकाने संचालित होती है. दुकानदारों द्वारा दुकानों के कचरे को स्ट्रीट लाइटों के विद्युत पोल के समीप जला दिया गया. जिसके कारण उनके अंदर के विघुत तार पिघल गए. इस वजह से भी हाइवे पर एक किमी की की पूरी लाईट बंद हो गई. एनएचएआई के अधिकारियों के अनुसार यदि वे लाईट चालू करते हैं तो अप्रिय घटना घटित होने का खतरा है. इसलिए इस समस्या के लिए निदान के लिए समय लग रहा है.

### समस्या के निदान के लिए पहुंचे अफसर

समस्या के निदान के लिए एनएचएआई के इंजीनियर पीके मिश्रा सुसनेर पहुंचे. उन्होंने पगारिया टोल प्लाजा पहुंचकर भी जानकारी हासिल की. वार्ड 12 की पार्षद मीना पवन शर्मा ने अपील की है कि राष्ट्रीय राजमार्ग को पूरी तरह से सुरक्षित रखें. जालियों के साथ छेड़छाड़ नहीं करें. साथ ही विधुत लेंप के पोल के आसपास कचरा नहीं जलाएं, क्योंकि हमारी लापरवाही के कारण हमें ही परेशानी होती है. मार्ग को सुरक्षित रखें.

उज्जैन झालावाड़ राष्ट्रीय राजमार्ग 552 जी पर विद्युत लेंप लगे हैं. बिजली कंपनी ने इसके पास से ही 11 केवी की लाइन निकाल दी, जिसके कारण हमारी लाइन क्षतिग्रस्त हो गई है. हम इसको ठीक करने का प्रयास कर रहे हैं. जल्द ही समस्या का समाधान हो जाएगा.

**- पीके मिश्रा, इंजीनियर, एनएचएआई**

# अवैध संबंधों के चलते महिला की थी हत्या

## खेत में मिली महिला की लाश की गुत्थी सुलझी

**रतलाम. चार दिन पहले विरियाखेड़ी और मुंशीपाड़ा के बीच एक खेत में मिली महिला के शव की गुत्थी को पुलिस ने सुलझा लिया है. मृतिका की हत्या अवैध संबंधों के चलते प्रेमी ने की थी. पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है.**

थाना औद्योगिक क्षेत्र अंतर्गत विरियाखेड़ी और मुंशीपाड़ा के बीच 27 जून को एक खेत में एक अज्ञात महिला के शव की सूचना प्राप्त होने पर पुलिस टीम द्वारा घटना स्थल पर पहुंचकर मौका मुआयना किया गया. मुन्ना लाल की रिपोर्ट पर मर्ग क्रमांक 43/25 धारा 194 बीएनएसएस का कायम कर जांच में लिया गया. महिला की शिनाख्त राधाबाई के रूप में हुई थी. थाना औद्योगिक क्षेत्र रतलाम थाना प्रभारी निरीक्षक




गायत्री सोनी के नेतृत्व मे मर्ग जांच के दौरान साक्षियों के कथन लिए गए जिन्होंने मृतिका राधाबाई और संदेही तेजराम पिता रामा जी मचार उम्र 28 साल निवासी भूरी रुडी रामपुरिया थाना दीनदयाल नगर रतलाम के बीच अवैध संबंध होना बताया. मृतिका राधाबाई तेजराम पर उसके साथ रहने के लिए दबाव बनाती थी जिसके कारण मृतिका और आरोपी तेजराम के बीच लड़ाई झगड़ा तथा विवाद होता था आरोपी तेजराम पूर्व से ही शादीशुदा था.

### सिर में चोंट लगने से हुई मौत

संदेही तेजराम से पूछताछ करने पर उसने बताया कि 26 जून को राधाबाई ने मुझे फोन लगाकर अपने पास आने के लिये बोला था . लेकिन मेरे नही आने पर राधाबाई उसके घर से निकल कर मेरे घर भूरीरूण्डी आ रही थी कि विरियाखेडी और मुंशीपाडा के बीच चांद खां के खेत के पास आम रोड पर मुझे मिली. जहां पर हम दोनो के बीच झगडा विवाद हुआ तथा मैने राधाबाई के साथ मारपीट कर उसे पीछे से धक्का देकर सिर के बल गिरा दिया .

# केवल ई ऑफिस से भेजी फाइले ही होंगी स्वीकार

## सेवानिवृत्त कर्मचारियों के शेष पेंशन प्रकरण सात दिवस में दर्ज करें : कमिश्नर



**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 1 जुलाई, कमिश्नर कार्यालय सभागार में आयोजित बैठक में कमिश्नर बीएस जामोद ने टीएल पत्रों तथा सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा की.**

कमिश्नर ने कहा कि सभी संभागीय अधिकारी और जिलाधिकारी ई ऑफिस से ही फाइलों का परिचालन करें. कमिश्नर कार्यालय में भी अब केवल ई ऑफिस से भेजी गई फाइलें ही स्वीकार होंगी. शेष बचे संभागीय कार्यालय सात दिवस में ऑनबोर्ड होकर ई फाइल भेजना सुनिश्चित करें. कार्यालय में भी ई ऑफिस के माध्यम से ही फाइल वर्क करें. संभागीय अधिकारी अधीनस्थ कार्यालयों में भी ई फाइल व्यवस्था सात दिवस में सुनिश्चित करें.

### सेवानिवृत्त कर्मियों को भटकना न पड़े, रखें ध्यान

कमिश्नर जामोद ने कहा कि जून माह तक संभाग में सेवानिवृत्त हुए 189 शासकीय सेवकों में से केवल 94 के पेंशन प्रकरण पेंशन कार्यालय में दर्ज हुए हैं. संबंधित अधिकारी सात दिवस में शेष पेंशन प्रकरण अनिवार्य रूप से पेंशन कार्यालय में प्रस्तुत कर दें. सेवानिवृत्त अधिकारियों के पीपीओ समय पर जारी कराएं जिससे पेंशन के लिए सेवानिवृत्त कर्मियों को भटकना न पड़े. पेंशन प्रकरणों के निराकरण में लापरवाही बरतने वालों पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी.

## तेजाब डालने वाले को 10 वर्ष का कारावास

**रीवा.** सिटी कोतवाली थाना अन्तर्गत मलियान टोला में दो वर्ष पूर्व चार युवको पर तेजाब डालने वाले आरोपी को 19 वें अपर सत्र न्यायाधीश की न्यायालय ने दस वर्ष सश्रम कारावास और 50 हजार रूपये के अर्थदण्ड से दंडित किया है. दीपावली के दूसरे दिन 13 नवम्बर 2023 की रात लगभग 11 बजे उस समय हडकम्प मच गया जब एक अधेड़ ने चार युवको पर तेजाब फेक दिया. दरअसल कंछेदीलाल लखेरा उर्फ पप्पू लखेरा के मकान में रानू सिंह एवं अन्नू वर्मा रहते थे और इसी मकान में आरोपी कृष्ण मुरारी सोनी उर्फ कृष्णा सोनी भी रहता था. रानू सिंह के बच्चे के विवाद को लेकर आरोपी की बहसबाजी हुई.

# जहर की शीशी लेकर पहुंची अन्नू

**नीमच. कलेक्टर कार्यालय पर आयोजित जनसुनवाई में आज उस समय हडक़ंप मच गया जब एक महिला जहर की शीशी लेकर यहां पहुंची. महिला ने रास्ते की समस्या से परेशान होकर धरना दिया.**

उसका कहना था कि वह दो साल से न्याय की गुहार लगा रही है, फिर भी प्रशासन मूकदर्शक बना हुआ है. महिला अन्नु कुंवर पति गोवर्धन सिंह का आरोप है कि गांव के ही कुछ लोगों द्वारा उसके आवागमन के रास्ते को बंद कर दिया गया है और पिछले दो वर्षों से लगातार शिकायतों के बावजूद न तो कोई सुनवाई हुई और न ही कोई समाधान निकाला



गया. महिला ने चेतावनी दी कि यदि न्याय नहीं मिला तो वह आत्मघाती कदम उठाने के लिए मजबूर होगी. जनसुनवाई स्थल पर अन्नुकंवर ने धरने पर बैठते हुए कहा, मैं बहुत परेशान हो गई हूं. अगर अब भी मेरी बात नहीं सुनी गई तो मैं यहीं पर जहर पीकर आत्महत्या कर लूंगी.

## पार्षद कादरी उर्फ डकैत पर कलेक्टर ने लगाया रासुका

**इंदौर.** कांग्रेस पार्षद अनवर कादरी उर्फ डकैत के खिलाफ एनएसए की कार्रवाई की गई है. कलेक्टर आशीष सिंह ने रासुका के तहत निरुद्ध करने के आदेश जारी किए हैं. कादरी, निवासी 44 सदर बाजार के खिलाफ इंदौर के विभिन्न थानों में अब तक 18 आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं. हाल ही में उस पर लव जिहाद के एक मामले में फंडिंग करने का गंभीर आरोप भी सामने आया था. एफआईआर दर्ज होने के बाद से ही कादरी फरार है.इस मामले को गंभीरता से लेते हुए डीसीपी ने आरोपी की गिरफ्तारी पर 10,000 का इनाम घोषित किया है.

# सेवड़ा नदी में नहाते समय युवक डूबा



**दतिया. जिले के सेवड़ा सिंध नदी सनकुआ घाट पर एक युवक नहाने के दौरान नदी में डूब गया. हादसा सिंध नदी के सनकुआ जल प्रपात पर हुआ, जहां 28 वर्षीय सिद्दार्थ यादव गहरे पानी में डूब गया. सिद्दार्थ ग्वालियर के मोहनपुर का रहने वाला था और अपने मामा के घर सेवड़ा आया हुआ था.**

हादसे की जानकारी मिलते ही एसडीओपी अजय चानना और थाना प्रभारी विनीत तिवारी आपदा प्रबंधन की टीम के साथ मौके पर पहुंचे. पुलिस और गोताखोरों की टीम युवक की तलाश में जुटी हुई है और रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है. फिलहाल, युवक की तलाश जारी है. अजय चानना एसडीओपी का कहना है कि सिंध नदी के घाट पर ग्वालियर का ल?का सिद्धार्थ आया हुआ, डूबने की जानकारी पर आपदा प्रबंधन, गोताखोर की टीम से सर्च ऑपरेशन करा दिया है.

नहाने पहुंचा तो वह गहरे पानी मे चला गया और देखते ही देखते डूबने लगा और औझल हो गया.



# पुआ खाने से 70 हुए बीमार

## उल्टी-दस्त की शिकायत, 15 को अस्पताल में भर्ती

**भिंड. जिले के बरोही थाना क्षेत्र के अम्लेहड़ी गांव में एक धार्मिक आयोजन के दौरान प्रसाद के रूप में बांटे गए पुए खाने से 70 से अधिक लोग बीमार हो गए.**

गंभीर रूप से बीमार 15 लोगों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है. सूचना मिलते ही सीएमएचओ डॉ. जेएस यादव स्वास्थ्य अमले के साथ रात में मौके पर पहुंचे. स्थानीय लोगों ने आशंका जताई है कि पुए बनाने में उपयोग किए गए घी में मिलावट थी. गांव के राधाकृष्ण तोमर ने अपने 11 माह के बेटे शौर्य के लिए पूजा का आयोजन किया था. इस अवसर पर करीब 10 किलो आटे से बने पुए प्रसाद के रूप में पूरे गांव में वितरित किए गए थे. राधाकृष्ण के अनुसार, पुए बाजार से खरीदे गए घी में बनाए गए थे.

# प्रदेश के 6 शहरों में चलेंगी 582 इलेक्ट्रिक बसें

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 1 जुलाई.** प्रदेश में इलेक्ट्रिक वाहनों के संचालन को बढ़ावा देने के लिये मप्र इलेक्ट्रिक व्हीकल पॉलिसी -2025 तैयार की गई है. इलेक्ट्रिक वाहनों को प्रोत्साहित करने के लिये राज्य सरकार द्वारा परिवहन कर में छूट और अनुदान दिये जाने की भी व्यवस्था की गई है.



प्रदेश के 6 बड़े शहरों में 582 इलेक्ट्रिक बसों का संचालन किया जाएगा. वर्तमान में इंदौर में शहरी मार्गों पर 80 इलेक्ट्रिक बसों को संचालन किया जा रहा है. फेम योजना के अंतर्गत 40 और अमृत योजना 1.0 में 40 बसें संचालित हो रही हैं.

ई-बस सेवा योजना के तहत 6 शहरों में 582 इलेक्ट्रिक बसों के संचालन के लिये प्रस्ताव तैयार कर भेजा गया था, जिसे केन्द्रीय शहरी मंत्रालय नई दिल्ली से स्वीकृति मिल गयी है. इंदौर में 150, भोपाल में 100, ग्वालियर में 100, जबलपुर में 100, सागर में 32 एवं उज्जैन में 100 इलेक्ट्रिक बसों को चलाने का प्रस्ताव है. प्रदेश के 6 शहरों में बस संचालन के लिये नगरीय विकास एवं आवास विभाग द्वारा निविदा जारी कर बस संचालकों का चयन किया जा चुका है. पीएम ई-बस सेवा के अंतर्गत बस डिपो अधोसंरचना निर्माण के लिये भी प्रस्ताव तैयार किया गया है, इसमें 60 प्रशराशि केन्द्र सरकार द्वारा और शेष 40 प्रशराशि राज्य सरकार द्वारा प्रदाय की जायेगी. इलेक्ट्रिक बसों के चार्जिंग अधोसंरचना निर्माण के लिये केन्द्र सरकार द्वारा 100 प्रश राशि प्रदान की जायेगी.

# 9 आरोपियों को आजीवन कारावास

**नवभारत, न्यूज**

**दमोह. न्यायालय जितेंद्र नारायण एडीजे चतुर्थ श्रेणी की अदालत ने आरोपी हीरासिंह लोधी व अन्य 8 निवासी - ग्राम जमुनाखेड़ा , थाना तेंदूखेड़ा को धारा 302 भादवि में आजीवन कारावास से दंडित किया गया.**

अभियोजन कहानी मामले की जानकारी देते हुए अपर लोक अभियोजक गिरीश राठौर ने बताया कि 22 मई 2020 को शाम करीब साढ़े पांच बजे फरियादी नरेन्द्र तेंदूखेड़ा में था उसे उसके छोटे भाई अमर ने फोन कर बताया कि हीरा लोधी, छप्पन लोधी, हल्ले लोधी उसे मारने झिन्ना वाले खेत तरफ आ रहे है, तो वह तुरंत तेंदूखेड़ा से झिन्ना वाले खेत पहुंचा

### बीच-बचाव करने गए तो आरोपियों ने उसको भी पीटा

तो वहां हीरा लोधी, हल्ले लोधी, करन लोधी, हेमराज लोधी, छप्पन लोधी अमर को मां-बहिन की गंदी-गंदी गालिया दे रहे थे. हीरा, हल्ले हाथ में कुल्हाड़ी व करन, हेमराज, छप्पन हाथ में लाठी लिये थे.वह बीच-बचाव करने गया तो हीरा लोधी ने एक कुल्हाड़ी की मुदानी अमर को सिर में मारी तथा दोबारा जान से मारने की नियत से कुल्हाड़ी की मुदानी मारी जो अमर को सिर में पीछे तरफ लगी. फरियादी ने बीच-बचाव किया तो हल्ले, हेमराज, करन, छप्पन ने उसके साथ मारपीट की जिससे उसे शरीर में मूंदी चोटें आई.

# हेराफेरी कर 52 लाख का किया गबन

## होटल शिप्रा रेजिडेंसी प्रबंधक की शिकायत पर केस दर्ज

**उज्जैन. मध्य प्रदेश पर्यटन विकास निगम द्वारा संचालित की जाने वाली होटल शिप्रा रेजिडेंसी में लिपिक द्वारा 3 साल में 52 लाख की हेरा फेरी कर बड़ा गबन कर दिया. प्रबंधक की शिकायत पर पुलिस में धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज किया है.**

नीलगंगा थाना प्रभारी तरुण कुरील ने बताया कि विक्रम विश्वविद्यालय मार्ग पर मध्य प्रदेश पर्यटन विकास निगम द्वारा होटल शिप्रा रेजिडेंसी संचालित की जाती है. वर्ष 2019 से 2022 तक होटल में लिपिक का काम करने वाले गौरव यादव ने



प्रतिदिन आय और व्यय की जानकारी में हेरा फेरी करते हुए 52 लाख का गबन कर लिया. वर्ष 2022 में ही लिपिक गौरव यादव नौकरी छोड?र चला गया. होटल प्रबंधन द्वारा जांच की गई तो उसमें गड़बड़ी होना सामने आई मिलान करने पर 52 लाख 10 हजार की गड़बड़ी सामने आई. काम छोड?र जा चुके लिपिक से संपर्क करने का प्रयास किया गया लेकिन वह लापता होना सामने आया. मामले की शिकायत प्रबंधक बिम्बसार सिंगादिया ने शिकायती आवेदन देकर पुलिस को मामले में प्रकरण दर्ज करने की बात कही. जांच के बाद गौरव यादव के खिलाफ धोखाधड़ी की धारा में प्रकरण दर्ज किया गया है. जिसकी तलाश शुरू की गई है जल्द ही गिरफ्तार कर हेरा फेरी का गबन की गई राशि बरामद करने का प्रयास किया जाएगा.

## समूहों के नवीनीकरण के नाम पर बेजा वसूली

**चितरंगी.** विकासखंड चितरंगी अंतर्गत स्व सहायता समूहों के नवीनीकरण को लेकर बीआरसी कार्यालय में एक कंप्यूटर ऑपरेटर बीआरसी के इशारे पर बेजा वसूली कर रहा है. बीआरसी कार्यालय चितरंगी में इन दिनों एमडीएम का कार्य कर रहे स्व सहायता समूहो के नवीनीकरण की प्रक्रिया चल रही है. विकासखंड अंतर्गत जितने भी समूह एमडीएम के कार्य में लगे हुए हैं, सभी का नवीनीकरण की प्रक्रिया बीआरसी कार्यालय में चल रही है. नवीनीकरण कराने के लिए जो फॉर्म अप्लाई किया जा रहे हैं. उन समूह के कर्ताधर्ताओं से खुलेआम एक कंप्यूटर ऑपरेटर 5 से 8 हजार रुपये तक की अवैध वसूली कर रहा है. बीआरसी के इशारे पर कमीशन की उगाही की जा रही है.

# छह साल जूनियर प्रोफेसर को प्रभारी प्राचार्य पद से हटाया

**जबलपुर. हाईकोर्ट के आदेश पर शासकीय मोहन लाल हरगोविंद दास गृह विज्ञान महाविद्यालय के प्रभारी पद से हटा दिया गया है. इस संबंध में आयुक्त उच्च षिक्षा विभाग के द्वारा आदेश जारी किये गये है.**

हाईकोर्ट के आदेश पर वरिष्ठ प्रोफेसर डॉ आभा तिवारी को प्रभारी प्रचार्या नियुक्त किया गया है. जबलपुर निवासी याचिकाकर्ता डॉ गिरीश वर्मा की तरफ से दायर की गयी याचिका में कहा गया था कि मोहनलाल हरगोविंद दास गृह विज्ञान महाविद्यालय में उनसे 6 साल जूनियर समीर कुमार शुक्ला को प्रभारी प्राचार्य बनाये जाने को चुनौती दी गयी थी. याचिका में कहा गया था कि प्रभारी प्राचार्या पद की नियुक्ति में वरिष्ठता की अनदेखी की गयी है. हाईकोर्ट जस्टिस विशाल मिश्रा की एकलपीठ ने याचिका की सुनवाई करते हुए जूनियर प्रोफेसर को प्रभारी प्राचार्य बनाये जाने के आदेश पर रोक लगाते हुए नोटिस जारी कर जवाब मांगा था. एकलपीठ ने आदेश के बावजूद भी समीर शुक्ला को प्रभारी प्राचार्य पद से नहीं हटाया गया था. जिसके कारण याचिकाकर्ता की तरफ से हाईकोर्ट में अवमानना याचिका दायर की गयी थी. हाईकोर्ट ने अवमानना याचिका की सुनवाई करते हुए अनावेदकों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा था.

**असुविधा** सडक़ की समस्या से परेशान बच्चों और पालकों का कलेक्ट्रेट परिसर में धरना

# बच्चों ने लगाए कलेक्टर साहब बाहर आओ के नारे

- बारिश में कीचड़ भरी सड़क से थे परेशान
- कलेक्टर से मिलने की जिद पर अड़े थे स्कूली बच्चे

**रतलाम. सडक़ की मांग को लेकर बच्चों और पालकों ने मंगलवार को कलेक्ट्रोरेट पर पहुंचकर धरना दे दिया. वे कलेक्टर से मिलने पहुंचे थे. कलेक्टर के जनसुनवाई में होने पर वे नहीं आए तो बच्चों ने कलेक्टर साहब बाहर आओ के नारे लगाए.**

जिले के शिवपुर के वार्ड क्रमांक 15 के रहवासी मंगलवार



को अपने बच्चों को साथ लेकर सडक़ की मांग को लेकर कलेक्ट्रेट पहुंचे. बारिश में कीचड़ भरी सडक़ से परेशान ग्रामीणों का आरोप था कि बच्चों को स्कूल तक जाने में दिक्कत हो रही है, यहां तक कि स्कूल वाले उन्हें आने भी नहीं दे रहे हैं. ग्रामीणों और स्कूली बच्चों ने कलेक्टर से मिलने की जिद की. कलेक्ट्रेट परिसर में करीब एक घंटे तक भूखे-प्यासे जमीन पर धरने पर बैठे रहे. कलेक्टर राजेश बाथम जनसुनवाई में मौजूद थे, लेकिन ग्रामीणों से नहीं मिले. इससे नाराज होकर बच्चों ने कलेक्टर साहब बाहर आओ के नारे लगाए. इस दौरान तहसीलदार पिंकी साठे और जिला पंचायत सीईओ श्रृंगार श्रीवास्तव मौके पर पहुंचे. उन्होंने समस्या का समाधान कराने का आश्वान दिया और गांव चलने की बात कही, लेकिन ग्रामीण कलेक्टर से मिलने पर अड़े रहे. जब मीडिया ने कलेक्टर से संपर्क करना चाहा तो उन्होंने जिला पंचायत सीईओ के जरिये जवाब भिजवाया.

### बजट आते ही काम होगा

सीईओ श्रृंगार श्रीवास्तव ने बताया कि वार्ड 16 की सडक़ मध्यप्रदेश ग्रामीण विकास संगठन की मुख्यमंत्री मजरा टोला सडक़ योजना में पहले से शामिल हैं. यहां 3 मीटर चौड़ी सीसी सडक़ बनेगी. शासन से बजट आते ही काम शुरू होगा, फिलहाल मुर्रम डलवाने का कार्य किया जा रहा हैं.

# प्रताड़ना तंग वनकर्मी ने की आत्महत्या !

### खास बातें...

- न्यायालय के पीछे वनकर्मी का पेड़ से लटकता मिला शव
- मृतक की जेब से पुलिस को मिला तीन पेज का सुसाइड नोट
- अफसरों पर लगाया प्रताड़ना का आरोप

**सीधी .जिला न्यायालय के पीछे संजय टाइगर रिजर्व राष्ट्रीय उद्यान वन के क्वार्टर के समीप आज सुबह वन विभाग के स्थायी कर्मचारी राम सजीवन कुशवाहा का शव एक पेड़ से लटका हुआ पाया गया.**

मृतक की जेब से मिले तीन पन्नों के सुसाइड नोट ने इस मामले को गंभीर बना दिया है. नोट में राम सजीवन ने स्पष्ट रूप से लिखा है कि वे सीने में दर्द और पेशाब में जलन जैसी बीमारियों से परेशान थे. इसके अलावा उन्होंने पारिवारिक तनाव, बेटी को ससुराल में प्रताड़ना, कर्ज के ब्याज का बढ़ता बोझ और सबसे अहम जेडी साहब द्वारा लगातार मानसिक प्रताड़ना को अपनी आत्महत्या का कारण बताया है. सुसाइड नोट में लिखा है कि अब सहन नहीं होता. शरीर जवाब दे चुका है और मन से भी टूट गया हूं. बेटी के हालात, बीमारी और ऊपर से अफसरों का व्यवहार, सब मिलकर मुझे मार रहे हैं. अब और नहीं झेला जाता.

### मृतक की पत्नी ने लगाया आरोप-

मृतक राम सजीवन की पत्नी सुमित्रा कुशवाहा ने मीडिया को बताया कि उनके पति की पोस्टिंग पहले मझौली में थी लेकिन बाद में उन्हें सीधी अटैच कर दिया गया. वे पिछले कई दिनों से बीमार चल रहे थे और नियमित इलाज की आवश्यकता थी. उन्होंने अधिकारियों से छुट्टी की गुहार भी लगाई, लेकिन उन्हें न तो छुट्टी दी गई, न ही हालात समझे गए बल्कि अनुपस्थिति के नाम पर कारण बताओ नोटिस थमा दिया गया. सुमित्रा ने रोते हुए कहा उन्होंने कई बार कहा कि अब शरीर साथ नहीं दे रहा, लेकिन अफसर काम के लिए दबाव बना रहे हैं. बीमारी और मानसिक दबाव ने उन्हें तोड़ दिया.